# कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

द्वितीय तल, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–800015

दूरभाष :– 0612–2215895, वेबसाइट– krishi.bih.nic.in ई–मेल– diragri-bih@nic.in, diragri.bih@gmail.com


संचिका / पत्र संख्या– 389 (अभि०), कृ० / पटना, दिनांक 11 दिसम्बर 2019

प्रेषक,

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

सेवा में,

**संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** बिहार, पटना।

**उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण), कृषि अभि० कर्मशाला,** पटना।

**उप निदेशक (कृषि अभि०)** कार्या० संयुक्त निदेशक (कृषि अभि०) बिहार, पटना।

**उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** भूमि संरक्षण, पटना।

**सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** प्रमण्डलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) पटना।

**सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** जिला कृषि कार्यालय, वैशाली।

**सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** जिला कृषि कार्यालय, अरवल।

**सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण),** जिला कृषि कार्यालय, भोजपुर।

**श्री रवि कुमार, प्रोग्रामर,** यांत्रिकरण कोषांग, कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

विषय :– **विभाग के यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत पूर्व से पंजीकृत सभी यंत्र निर्माताओं के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि यंत्र निर्माताओं के पंजीकरण करने हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन का प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। पूर्व से पंजीकृत निर्माताओं द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु त्रृटिपूर्ण विवरण अंकित करने के कारण उन्हें पंजीकृत करने में बहुत कठिनाई हो रही है। फलतः यंत्रों का पंजीकरण नहीं होने से यांत्रिकरण कार्यक्रम की प्रगति बाधित होगी एवं क्रय परमिट प्राप्त कर कृषकों को इच्छानुसार यंत्र के क्रय में कठिनाई उत्पन्न होगी।

पंजीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र निष्पादित कर पूर्ण करने हेतु दिनांक 16.12.2019 से 21.12.2019 तक बामेती, बिहार, पटना (जगदेव पथ, फुलवारीशरीफ) में कृषि यंत्र निर्माताओं के सहायता हेतु शिविर आयोजित कर निष्पादन हेतु निम्नवत् दलों का गठन किया जाता है। यह दल निर्माताओं का शिविर स्थल पर ही पंजीकरण का कार्य निष्पादित करेगी।

# कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

द्वितीय तल, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–800015

दूरभाष :– 0612–2215895, वेबसाइट– krishi.bih.nic.in ई–मेल– diragri-bih@nic.in, diragri.bih@gmail.com


| क्र० सं० | प्रभारी पदाधिकारी | सहयोगी पदाधिकारी | तकनीकी सहयोगी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | ई० सुधीर कुमार मिश्र, संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण), बिहार, पटना। | सुश्री गरिमा झारिया, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), प्रमण्डलीय संयुक्त निदेशक (शष्य), कार्यालय, पटना | श्री रामचन्द्र यादव, (कृषि अभियंत्रण सम्भाग) |
| 2 | ई० उदय सिंह, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) कृषि अभियंत्रण कर्मशाला, पटना | श्री अभिमन्यु कुमार, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला कृषि कार्यालय, वैशाली | श्री सुनील कुमार, (कृषि अभियंत्रण सम्भाग) |
| 3 | ई० आलोक कुमार सिंह, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) भूमि संरक्षण, पटना | श्रीमती शगुफ्ता अकबरी, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला कृषि कार्यालय, अरवल | श्री रवि कुमार, प्रोग्रामर यांत्रिकरण कोषांग |
| 4 | श्री प्रदीप कुमार सिंह, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) कार्यालय संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण) बिहार, पटना | श्री सुशान्त कुमार, सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), जिला कृषि कार्यालय, आरा (भोजपुर) | श्री राजकिशोर राय, (कृषि अभियंत्रण सम्भाग) |

शिविर स्थल पर यंत्र निर्माताओं के नये पंजीकरण प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विश्वासभाजन

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

ज्ञापांक .................................... कृ०, पटना, दिनांक .............. 2019

प्रतिलिपि :– कृषि विभाग में पूर्व से पंजीकृत सभी कृषि यंत्र निर्माताओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृषि यंत्र निर्माता अपने पूर्व से सूचीबद्ध कृषि यंत्रों को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन Portal में अपना Profile Upload कर **चेक लिस्ट के अनुसार सम्पूर्ण अभिलेख** एवं **सुविधा हेतु लैपटॉप**, **प्रिन्टींग की व्यवस्था** के साथ **प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि** अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे जिससे रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 339 कृ०, पटना, दिनांक 11.10.19 2019

प्रतिलिपि :– स्थानीय प्रबंधक, कार्यान्वयन एजेन्सी, BAGRI, बामेती कम्पलेक्स, पटना सूचनार्थ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। शिविर स्थल पर **दो लैपटॉप** एवं **दो दक्ष कम्प्युटर विशेषज्ञ** की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

# कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

द्वितीय तल, नया सचिवालय, विकास भवन, बेली रोड, पटना–800015
दूरभाष :– 0612–2215895, वेबसाइट– krishi.bih.nic.in ई–मेल– diragri-bih@nic.in, diragri.bih@gmail.com

ज्ञापांक ...................................... कृ०, पटना, दिनांक .............. 2019

प्रतिलिपि :– संयुक्त निदेशक (शष्य), पटना प्रमण्डल, पटना/राज्य नोडल पदाधिकारी (यांत्रिकरण), कृषि निदेशालय, बिहार, पटना/जिला कृषि पदाधिकारी, वैशाली, अरवल, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

ज्ञापांक ...................................... कृ०, पटना, दिनांक .............. 2019

प्रतिलिपि :– निदेशक, बामेती, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के निष्पादनार्थ मुख्य सभा कक्ष 16.12.2019 से 21.12.2019 तक के लिए आरक्षित करते हुए सभी पदाधिकारी/कर्मी के चाय–जलपान एवं भोजनादि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

ज्ञापांक ...................................... कृ०, पटना, दिनांक .............. 2019

प्रतिलिपि :– निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 339 कृ०, पटना, दिनांक 11 दिसम्बर 2019

प्रतिलिपि :– आई.टी. मैनेजर, आई.टी. कोषांग, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।